भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2974
उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2020

बीएसएनएल की नेटवर्क गुणवत्ता

2974. श्री प्रदीप कुमार चौधरीः
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की नेटवर्क गुणवत्ता उत्तर प्रदेश में खराब दशा में है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;
(घ) क्या दूरसंचार बाजार की प्रतिस्पर्धा में बीएसएनएल पिछड़ गया है और पिछले तीन वर्षों के दौरान इसके ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) से (ग) भारत संचार निगम लिमिटेड ने सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश में उसकी मोबाइल सेवा की नेटवर्क गुणवत्ता संतोषजनक है और यह भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) मापदंडों को सामान्यतया पूरा रहा है। बीएसएनएल अखिल भारत के आधार पर अपनी सेवा में सुधार करने की निरंतर प्रक्रिया में है और विभिन्न चरणों में मोबाइल नेटवर्क को आगे बढ़ाते हुए जीएसएम सेल्युलर मोबाइल नेटवर्क को उत्तरोत्तर बढ़ा रहा है ताकि कवरेज/क्षमता को बढ़ाया जा सके और सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) में और सुधार लाया जा सके। सेलुलर मोबाइल सेवा के नेटवर्क की गुणवत्ता में आगे सुधार लाने के लिए, बीएसएनएल लगातार सेलुलर मोबाइल नेटवर्क की निगरानी कर रहा है और नियमित रूप से ड्राइव परीक्षण/इंटर-सर्कुलर नेटवर्क लेखापरीक्षा/औचक जाँच करता है और अपने सेवा क्षेत्रों में अपने निष्पादन के लिए अपने नेटवर्क का इष्टतमीकरण करता है।

(घ) और (ङ) पिछले तीन वर्षों के लिए बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या निम्नानुसार है:

क्र.सं.	पीएसयू	निम्नलिखित दिनांक को उपभोक्ताओं की संख्या (करोड़ में)		
		31.03.2017	31.03.2018	31.03.2019
1	बीएसएनएल	11.51	12.41	12.69

कड़ी प्रतिस्पर्धा और 4जी सेवाओं (कुछ स्थानों को छोड़कर) की अनुपस्थिति के बावजूद, बीएसएनएल अपने ग्राहकों की सख्या में वृद्धि करने में कामयाब रहा है। बीएसएनएल ने यह भी सूचित किया है कि इसकी 2019-20 (जनवरी 2020 तक) के दौरान मोबाइल नंबर पोर्टेब्लिटी (एमएनपी) सकारात्मक है और 'पोर्ट-इन' से 'पोर्ट आउट' की दर 0.80 है।

सरकार ने बीएसएनएल के लिए दिनांक 23.10.2019 को पुनरूद्धार योजना अनुमोदित की है। इस पुनरूद्धार योजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, 50 वर्ष और उससे अधिक आयु वाले कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से स्टाफ संबंधी खर्च कम करने के उपाय, 4जी सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन, ऋण की अदायगी के लिए आस्तियों का मुद्रीकरण तथा कैपेक्स/ओपेक्स के लिए संसाधनों का सृजन, सावरेन गारंटी बांडों के जरिए ऋण पुनर्संरचना शामिल है। इस पुनरूद्धार योजना के क्रियान्वयन से, बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को बेहतर और प्रतिस्पर्धी सेवाएं प्रदान कर सकेगा तथा अपने उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ा सकेगा।

*****